**मैसर्स 3एस मिनरल प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड, पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई दिनांक 05.03.2024 प्रातः 11:00 AM बजे, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालाय, ग्राम–मामादेव, तहसील–कुराबड़, जिला–उदयपुर**

यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आमसूचना राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 01.02.2024 एवं स्थानीय समाचार पत्र प्रातःकाल में दिनांक 01.02.2024 को प्रकाशित करवा दी गई है।

यह जनसुनवाई मैसर्स 3एस मिनरल प्रोसेसर लिमिटेड़ के proposed 1.0 MTPA Beneficiation of Rock Phosphate (Secondary Ore) Plant coming up at Khasra no. 77, 78, 135, 149, 159, 1565/165, Village-Mamadeo, Tehsil- Kurabad, District- Udaipur की परियोजना को चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने करने हेतु ग्राम– मामोदव, तहसील–कुराबड़, जिला–उदयपुर स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 195.51/– करोड़ है।

अतः मैसर्स 3एस मिनरल प्रोसेसर लिमिटेड के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुन तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आप अपना नाम तथा गांव का नाम बताए साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी.डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत तैयार किए जायेंगे जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 22.12.2023 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए उधोग मालिक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (परिशिष्ठ "अ" में सलंग्न) है।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

जिला कलक्टर
उदयपुर

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की संलग्नक ''ब''के अनुसार है।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार है:–

**श्री ईश्वर दास वैष्णव निवासी मामादेव :–**

ग्राम मामादेव की ओर से हमारे बीच में पधारे हुए जिलाधीश महोदय। 3एस मिनरल्स के डॉयरेक्टर साहब, स्थानीय सरपंच साहब, गांव के बिराजमान मौतबीर, मेरे साथियों और भाईयों। श्रीमान् से मैं यही निवेदन करता हूँ कि यह मामादेव गांव जो है सर यहांपर सालाना एकफसल ही होती है मैं और गांव वासी सभी यह चाहते है कि अधिक से अधिक यहां के लोगों को रोजगार मिले जिसके लिए तीनएस मिनरल्स के डॉयरेक्टर साहब ने गांव वालो के बीच में एक आम सभा रख कर भी उन्होंने आश्वस्त विश्वास दिलाया कि भाई हम सब गांव वालो को अधिक से अधिक रोजगार दिए जाएंगे किसी भी तरह का अगर कोई विकास होगा वह विकास भी कराया जाएगा। इस तरह से मैं एक स्थानीय गांववासी होने के नाते आप सबसे यह निवेदन कर रहा हूँ कि अपने यहां जो यह योजना आई है इस योजना से अपने को कितना फायदा होगा उसकी कोई अपन तुलना अभी नहीं कर सकते है। जब योजना चलेगी और यहां के स्थानीय और आस–पास के लोगों को जितना रोजगार मिलेगा उसकी भी अपन तुलना नहीं कर सकते है और री बात है कि अपने यहां सालाना एक फसल ही होती है अब तो अपने यू समझ लो कि एक बहुत बड़ा मतलब फसले पैदा होने लग गयी। इस तरह की योजना अगर अपने बीच में चलेगी और काम चलेंगे तो काफी अपने को फायदा मिलेगा अभी सर ने बताया था कि शिक्षा के प्रति आप पूरा खयाल रखेंगे। बच्चों के लिए कैसे आगे बढ़ाया जाए, बच्चों को कैसे प्रोत्साहित किया जाता है –उस पर भी कम्पनी अपने प्रति ध्यान देगी और अपने को जो भी समस्या है उसके बारे में पहले सर ने मीटिंग ली थी उसमें भी बता दिया था कि गांव वालो के साथ किसी भी तरह का कोई अन्याय नहीं होगा और साथ में साथ रहकर अपन सबको मिलकर सहयोग करना है और साथ रहकर काम करवाना है। जय हिन्द। जय भारत।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

टोटल रोजगार कितना दिया जाएगा।

**श्री उमेश, पर्यावरण सलाहकार :–**

235 व्यक्तियों को हम दे रहे है सर।

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

तो ज्यादातर आप गांव के लोगों को ही देंगे ।

**श्री उमेश, पर्यावरण सलाहकार :–**

हमारा कमिटमेंट है कि लोकल विलेजर्स को ही एम्पलोयमेंट देंगे उनकी योग्यता के अनुसार।

**श्री ईश्वर दास वैष्णव निवासी मामादेव :–**

इस पर यह निवेदन है कि इस पर जो लेबर वरकर लगेंगे क्योंकि गांव के अन्दर लोग ज्यादातर पढ़े हुए नहीं है। योग्यता नहीं है वो एक सर यह जो भी वरकर लगेंगे उसके लिए कोई भी 10वीं पास 12वीं पास यह थोड़ी सी नहीं होने चाहिए इसके अन्दर।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

अनस्किल्ड लेबर कितने होंगे इसके अन्दर।

**श्री उमेश, पर्यावरण सलाहकार :–**

लगभग जो 100 के आस–पास हमारा प्रोवीजन है और मैने आप लोगों को एक बात ओर बतायी कि सामाजिक दायित्व के तहत वोकेशनल ट्रेनिंग्स वो प्रावधान हमनें इसीलिए रखा है।मैंने बोला भी था आप लोगों ने सुना हो ढंग से मुझे कि लोगों की योग्यता को कैसे सुधारा जा सकता है, क्यों हम जाए बाहर एम्पलोयमेंट के लिए। अगर हमें गांव में ही योग्य व्यक्ति मिल सकता है, आस–पास के निवासी मिल सकते है तो हम उन्हीं में जाएंगे ना। इसीलिए सामाजिक दायित्वों में हमने वोकेशनल ट्रेनिंग को डाला है कि लोगों को ट्रेनिंग दे हम केम्प आयोजित करेंगे वोकेशनल के लिए और अपनी क्षमता के लिए। जैसे कि कोई मशीन हमारे प्लान्ट में लग रही है उसको चलाने के लिए ऑपरेटर तो ट्रेनिंग देंगे युवाओं को कि मशीन ऐसे चलती है, ऐसे प्रोसेस होता है युवा सीखेगा तो एम्पलोयमेंट युवा को ही मिलेगा, हे ना।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

इसमें कोई ट्रेनिंग सेन्टर यहां बनवाएंगे या कही ओर भेजेंगे ट्रेनिंग के लिए।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि : –**

नहीं हमारे प्लान्ट में ही ट्रेनिंग करेंगे।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

आप में से कोई आ सकता है। बोलना चाहे तो।

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

4.

**श्री कैलाश मीणा, मामादेव :—**

आदरणीय कलक्टर साहब, और कम्पनी के ओनर श्री सिंग साहब और सभी आए हुए मेहमान सरपंच साहब और गांव के पिता तुल्य मौतबीर। साथ में मेरे युवा साथी, माता—बहिने। मैं तो ज्यादा नहीं बोलकर यह बोलूंगा कि सबसे पहले हमारे गांव वालो को रोजगार दिया जाए, कैसे भी चाहे ट्रेनिंग सेन्टर खोले, चाहे कुछ भी करें। चाहे अनपढ़ है चाहे पढ़ा लिखा है, कुछ भी है लेकिन हमारे युवा को रोजगार दिया जाए। यहां इतना बड़ा एक कन्स्ट्रशन प्लान्ट पड़ रहा और बाहर एक मजदूरी करने जाएगा, यह गलत बात है। कुछ भी करके कैसे भी व्यवस्था करके हमारे युवा साथी को रोजगार दिया जाए, पहली बात यह और मान लो आगे के समय में अगर इस कम्पनी से कोई नुकसान हो गांव के लिए तो कम्पनी जिम्मेदार है। चाहे वायु प्रदूषण हो, चाहे जल प्रदूषण हो। और हमारे गांव का विकास है जो भी है कम्पनी करेगी। स्कूल हो, चाहे कोई हो, स्वास्थ्य शिक्षा हो जो भी है । टोटल ही विकास कम्पनी के तहत रहेगा। आगे एक हमारे बड़ी समस्या हमारे यह आ रही है कि सर कलक्टर साहब से मैं यही निवेदन करना चाहूंगा कि जो हमारे 40 साल से एलोटमेंट बेन्ड लगा रखा है हमारे गांव के लिए तो थोड़ा सर निवेदन करके कम से कम एक बार बेन्ड खुले तो हमारी जमीन जो हमारे खाते होवे क्योंकि अभी भी हमारे बहुत सारे 40 साल से बैठे हुए थे कब्जे इस कम्पनी के चले गए तो बहुत कम मुआवजा मिला तो लोगों को नुकसान हुआ। इस तरह से मान लो खाते हो जाएगी तो सरकार को तो जरूरत पड़ती रहेगी। तो कम से कम हमको पैसे मिले। तो हमारे लोगों के साथ अभी भी थोड़ा अत्याचार ही हुआ है, कम पैसे मिले। ओर वो एलोटमेंट 40 साल से बन्द है, खाते ही नहीं हुई और आगे मैं ज्यादा नहीं बोलकर यही कहूंगा कि हमारे सबसे ज्यादा यही है कि गरीबी गांव है और रोजगार यहां के लोगों को मिले। यो नहीं कि राजनीति घुस जाए कि 5 वो एमएलए साहब भेज रहे है, 5 प्रधान साहब भेज रहे है, 10 सरपंच साहब भेज रहे है। नेतागिरी नहीं घुसे यहां पर। हमारे गांव के ही । हां जो भी बात है गांव के स्थानीय मूल निवास और कम्पनी के ओनर जो भी है बैठकर जो भी बात है करें और यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि : —**

आपके प्रश्न के जवाब में बताना चाहूंगा जो आपने अभी कहा ना। मैने अपने प्रजेन्टेशन में एक वर्ड बोला, वापिस बता रहा हूं पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र है ना, जो पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र जिसके लिए मिटिंग की जा रही है। मैंने आपको बोला था कि सरकार द्वारा जो भी चीजें हमने यहां बताई ये सशर्त लिखित में दी जाएगीऔर इन सारी शर्तों को पूरा करने के लिए हम बाध्य है। इसी पत्र में हमको एक लाईन ओर लिख करके दी जाएगी कि इन सारी शर्तों की पालना करके हर 6 माह में इसकी पालना रिपोर्ट यानि इसकी कम्पलाईन्स रिपोर्ट भी हमें भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को, संबंधित प्रदूषण विभाग को, संबंधित एडमिनिस्ट्रेशन डिमार्टमेंट को और सी आर राजस्थान को और जो भी इस पत्र में लिखित में आएगा कि इन—इन जगह देनी है वहां पर हमें हर 6 महीने में देनी ही पड़ेगी। अगर हम लोग कम्पलाईन्स नहीं करते, जो भी चीजे हमने यहां

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

जिला कलक्टर
उदयपुर

बतायी अगर हम इन चीजों की पालना नहीं करते है तो यह पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र रद्द भी हो जाता है तो ऐसा आप अपने मन में कोई ना रखे । लोगों रोजगार देना, देंगे। क्योंकि लिखित में आएगा। प्रदूषण को कम करने के लिए सारे प्रयास करने पड़ेंगे –लिखित में आएगा। हमको करना पड़ेगा, हे ना । तो ये आप लोग बिलकुल असोर्ड रहे कि हर चीज की पालना करने के लिए ही सरकार और लिखित में देगी हमको, हे ना । तो कोई शंका इस चीज के लिये मन में ना रखे। हमको हर काम करने पड़ेगे।

**श्री धनराज मीणा, मामादेवः–**

मैं यह बात कहता हूँ साहब अणी माईन्स री यह चट्टान है, अणी चट्टान री मिट्टी आएगी हमारे खेत में। और खातावार भूमि है उसकी हमारे यह भी हुणों वात कि थोड़ो ध्यान देणा चाहिए सर और भी ज्यादा कई केतो, मैं कम–उ–कम इन चट्टाण रे भड़े–भडे मेरी जमीन है अणा लोगा रे कम–उ–कम 40–45 साल हो गया वो मिट्टी आई री। खेती छोड़ दी है, पैड़ पौधे, अबे अनाज होता भी नहीं हमारे मिट्टी आएगी। मैं यही निवेदन है और ज्यादा बात नहीं करता हूँ।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

कम्पनी प्रतिनिधि से पूछा कि आप क्या उपाय करेंगे मिट्टी को रोकने के लिए।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि : –**

पहली बात तो जो आपने बताया माईनिंग करने जा ही नहीं रहे है। हम तो एक प्लान्ट लगा रहे है और मैंने सारे उपाय बताए आपको कि वायु को रोकने के लिए, प्रदूषण को कम करने के लिए और मिट्टी के लिए तो विशेषकर मैंने कई बार बोला कि हर उपाय – पानी का छिड़काव करना, रोड़े पेवर कर देना, पेवर का मतलब पक्की। कोई गाड़ी जब उस पर चले कच्ची रोड़ पर चलेगी तो धूल उड़ेगी नहीं रोका जा सकता तो पक्की बना देंगे। पानी भी छिड़कने के बाद भी उड़ जाता है तो हम पानी भी छिड़क रहे है और रोड़ को पक्की भी करेंगे धीरे–धीरे ताकि वो समस्या ही खतम हो पूरी कि किसी प्रकार से मिट्टी न उड़े और हमारा प्लान्ट जो है उसमें देखों से धूल के कण का निकलने का कोई साधन नहीं है, केवल एक परिवहन मार्ग ही है जिससे धूल उड़ेगी तो उसको यथा सम्भव जो प्रयास हम कर सकते है वो हम करेंगे और मैं यही आशा करता हूँ कि आप लोगों को धूल के कणों के सम्बन्ध में तो यहां पर कोई भी समस्या नहीं होगी।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

बताया कि ओर कोई भी बोलना चाहे आ सकते है।

**श्री लालू राम मीणा, झामर कोटड़ा पूर्व उप सरपंच :–**

आपणे साहब जो कीरीया है राठौड़ी में वात करनी। जैसे साहब जी कीरिया लोकल में हमजाओ। एक आपणे था केरिया जैसे कि धूलो उडे । चट्टा माईन्स खोदी खोदी न नाकी दीदा ऐवे माईन्स में अपना

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

तीन प्लान्ट पड़्या, पड़्या क नी पड़्या। वी भाटो पेला आपी लावता उमरड़ा गिटि गिटि जो चट्टान धीरे धीरे सब फासा खाली वेजा । सब यो माल पाछो पिसाई जाए । वटा बाद में एक बार आपणे सबउ ज्यादा मामादेव में समस्या वी री रोजगार रो सब लड़े कि मारे घर रा पांच आदमी लागर्‌या नेता गिरीउ। आपणे पेला भी केउ कि नेतागिरी में ना तो कांग्रेस न बीजेपी कई नी । गांव वालाईज बेईने तय करों कि गरीब घर कौन है अणा रा घर में 5 छोरा, एक भाईरे एक छोरो इज है कि मारे एक लागो मारे पांचो ही छोरा बैठा। पण्यो थको छोरो। पण्यों थको छोरो नहीं है पेली वणा ने रोजगार दो। माणा तो दो लागा मारा छोरो कुंआरों तो मारो लागणों छावे या तो आपणे पूरी सब ऐरिया री याईज दिक्कत है आप बेईन तर कर दो कमेटी वणाईन कि आपणे गांव रा कि भाई आपणा अतरा घर है, 100 घर है 100 घर माउ भण्याथका छोरा कतरा है पहले प्राथमिकता वणाए। एक काम जो साबे आपणे केयुक कि आपी टीएसपी ऐरिया में आवा, पहला वात कि पेला यू केथा कि भण्याथका नहीं है तो पणावणा भी नहीं अणाएं।एक एम्बुलेन्स भी साहब लगायी है । एक एम्बुलेन्स री आपणे सुविधा अटे मामादेव प्लान्ट माते साहब ने कईन लगवांगा ताकि एक बार 1200/– रुपये आपणे जगतउ गाड़ी मंगावणी पड़े 1000/– गाड़ी वाला देणा पडे. तो जो सेटेलाईट होस्पीटल लेकर जाते निःशुल्क सेवा थाणे साहब ने कईन जो मामादेव में एम्बुलेन्स पड़ी रहे जो आधी–फाली डिलेवरी है, कोई एक्सीडेन्ट वी जावे, कई भी वी जावे । आपरे वास्ते हॉस्पीटल ले जाई सके। ठीक है। और अणी रे वास्ते कम्पनी रे ड्राईवर रे अणी रा। क्योंकि माईन्स रो डाईवर शिफ्टों में आवे तो टेम माते सुविधा मिले तो आपणा लोग मांगवा जाई नी। कम्पनी रो डाईवर साहब लगावे तो सुविधा मिल जाए। और एक आपणे पर्यावरण, पर्यावरण में साहब ने कहा है कि रूकड़ा जैसे गोल है हालर है एक नींबू जो आपणे वान्दरा नी खावे जे सुविधा प्लान्ट में जो लीम्बू जो है आवला है वान्दरा नी खावे अणाउ भी आपणे रोजगार वे वे वणा आपणे मण्डी में वेचा। आपणे सब्जी भी वणावा आपणे रोजगार वेगा आपणे 100 आदमी है वणाउ में 10 आदमी ने कणी ने चा री दुकान खोली, कणी नाश्ता री खोली कणी सब्जी री खोली अतरा जो लोग अटे आवीरिया अणारे भी तो सब्जी तो चावे। आपणे मण्डीउन जाईन सब्जी लावा अटारा लोग सब्जी उगाईन वेईज सब्जी से आपणे दो पया री दानगी वेई जावे। हंगरा यू नि कि एक जगाउज दानगी वेई 100 आदमी माउं थोड़ा अटीने थोड़ा वटीने सबाए दानगी मले।

जो भी थाणी जमीन है बिला नाम जमीन जो है पेनल्टी 89 मा पंचायत में बन्द है कलक्टर साहब बैठा थका पेनल्टी चालू करो पेनल्टी भी बन्द कर दी दी आपणे और कब्जो हे जी है जमीण बाप कोडे ही मरया केडे पांच छोरा रे खाते वी गी ओर वणा बाद आपणे लोगा जाणकारी है ही नहीं एक बार पट्टा किसान निधि री योजना खुली अणी महीना मा काले परसु खबर है दो–दो हजार रुपया आया वेई। ऐवे कणारे बापा मरीग्या तो वणा रे पांच छोरा है पांचा रे करावों, बेण आपणे पणावी रखी है तो बेण रे करावों, यू मती राको कि बेन पणावी तो पया लेगी ओर मारी जमीन ले जाई, हिस्सों नी ले जाई बेन लेकिन आपणे लोगा रे भेम गणो है दो हजार सरकार नाकी री है। बेन रे जाईरा तो आपणे बापा मरने के बाद म्युटेशन खुलेगो है सबारे कराओं सरकार री योजना है सब लो ठीक है बाकी थाणे कई नी जो भी सुविधा है लिखित में साब बेठा लगा है और जो भी साहब ने केई दुदु है कि 6 महीने मा प्लान में

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

सी सी रोड वणाई देई, सीसी रोड रे मेरे रूकड़ा लागी रा, रूकड़ा थोड़ी न उपड़े, जड़ाउ वह धुरो मिट्टी पकड़ी राखे चोमासा में । सुविधा हमजी ने लो तो भड़कावे लोग आपी कई कान रा काचा । अटी हुणणों और अटी काण दीणो। लोग के राजनीति करवा वाते कईके अटे तो प्लान्ट रो गैस निकली, यो निकली न, फ़लाणा ढिकणा, कई नीस वे । साहब की दीदो कलक्टर साब आपणा पूरा जिला रा मालिक हैअब वी बेठा थका तो वणा की दीदो जटा केडे कई दिक्कत है आपणे। ठीक है और कई वे तो आपणे गांव रा बेईन वात कर लीजो। ओर जमीन री जतरी भी वात है मुआवजा री कई दिक्कत है तो वे ई भी वात वेईगी है। मगर लडाओ मती न कि कब्जो मारे है मैं कांटा नाकी मेल्या है तो पईया मारा ज्यादा वी साहब कर देई। पण मा–मा एक वणीन रेओ पूरा मामादेव मा। ऐनिकट तो है नहीं पातलो–पातलो वीन आवे तो ये धीरे धीरे पाचा खाली करी। वणवाणिया वाली बात है।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

अब कोई बोलना चाहे बोल सकते है।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :–**

मैं कलक्टर साहब से यही निवेदन करना चाहता हूँ साहब कि ग्राम पंचायत में जो माईन्स में जैसे कि जो भी एम्पलोयी लगे उनके लिये ऐसा ट्रेनिंग सेन्टर खोला जाए ताकि यहां बाहर से लगाने की जरुरत नहीं पड़े। सबसे इम्पोर्टटेन्ट काम यही है। यहां के किसी को ऑपरेटर बनने के लिए ट्रेनिंग दे, किसी को फिटर बनाने के लिए ट्रेनिंग दे, स्कूल के यहां पर एक ऐसा ऑप्शन करें बाहर से व्यक्ति नहीं आए। ब्लास्टिंग हो गया ऐसा कुछ उनको रास्ता बताने के लिए कि ट्रेनिंग से सबसे इर्म्पोटेन्ट बात यही है कि बाहर के लोग कम होंगे और यहां के लोग ज्यादा लोग शिक्षित होंगे। यह बहुत बड़ा काम है और यह काम कर दो गे तो गांव का विकास ऑटोमेटिक हो जाएगा। लोग सब अशिक्षित है उनको रास्ता बताने वाला कोई नहीं है यहां। और उनको रास्ता मिल जाएगा एक सिढी मिल जाएगी तो ऑटोमेटिक ही वह सेट हो जाऐगे। यह सारा विवाद ही खतम हो जाएगा बेरोजगारी का। धन्यवाद।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि : –**

इसके लिए सरपंच साहब पहले बता दिया कि वोकेशनल ट्रेनिंग यहां खोल रहे है।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :–**

यहां के लिए खोला तो ठीक है माईनिंग के लिए भी खोला जाए ताकि माईनिंग में यहां के लोग लग सके।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि : –**

देखों युवाओं को तकनीकी क्षमता का निर्माण करना वो जरूरी नहीं होता कि वह हम हमारे प्लान्ट के लिए ही करेंगे। उसमें सारी तकनीकी क्षमताओं की उनको ट्रेनिंग दी जाती है क्योंकि ट्रेनिंग हम हर 6 महीनें में देंगे, हर 3 महीने में हम ट्रेनिंग के लिए केम्प लगाएंगे। हम अलग–अलग मदों में ट्रेनिंग देंगे।

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

सरपंच प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि अपणे जो स्कूल है जो एक झामर कोटड़ा बड़ी स्कूल है उसमें भी एक परटिकुलर ऐसा एक डिपार्टमेंट दिया जाए, रूम दिया जाए उसमें एक पीरियड दिया जाए उसमें उनको ।

**श्रीमान जिला कलक्टर, उदयपुर :–**

यह भी बताया जाए कि आपको किस किस तरह के रोजगार की आवश्यकता पड़ेगी। स्कील्ड में क्या–क्या मानो आईटीआई किया – क्या–क्या जरूरत पड़ेगी और अनस्किल्ड किस तरह का काम होगा। वह थोड़ा जानकारी दो।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

अनस्किल वो तो है जिसको कोई मशीन नहीं चलानी है। मशीन का हेल्पर बनना है। मशीन तो ऑपरेटर चलाएगा उसका हेल्पर तो हेल्पिंग के काम अनस्किल्ड भी कर लेता है और ऑफिस में हेल्पर होते है।

जैसा कि मैंने आप सब लोगों से वार्तालाप किया उसमें बताया कि इस माईनिंग के अन्दर मे या, मिनरल प्रोसेसिंग में या प्लान्ट में जे मेन कार्य कामगारों को जो स्किल डवलपमेंट का काम है उसमें वेल्डर है, फिटर है ऑपरेटर है कोई सीख कर नहीं आता और हम यह प्लान्ट चालू होने के चार महीने के पहले से ही लोगों को यहां के लोकल निवासियों का सिकल डवलपमेंट का और ट्रेनिंग का कार्यक्रम चालू करेंगे और ज्यादा से ज्यादा केवल हाई क्वालिफाईड इंजिनियरों जिनकी उपलब्धता लोकल नहीं है, बाकी आप ही लोगों को काम सिखाएंगे। आप ही लोगों को ऑपरेटर बनाएंगे। आप ही लोगों को वेल्डर फिटर बनाएंगे। हम आपको हमारा विश्वास है कि आप सब लोगों को में परसनली जानता भी हूँ तो ऐसा नहीं है कि कोई आदमी अगर आठवी पढ़ा है, दसवी पढ़ा है तो ऑपरेटर का कार्य नहीं कर सकता है। मशीनें ज्यादातर साधारण मशीनें है जैसे कि टोटल जो प्रोसेस है वो प्रोसेस एक बार में आपकी लेंगवेज में समझा देता हूँ।

आपणे कई है कि पहले दाण माल आयो। पचे थ्रेसिंग की दी। थ्रेसिंग करवा बाद में जो हाफ इंची री गिट्टी की दी वह हाफ इंची री गिट्टी अटे आएगा। अटे कई भी पॉल्युशन री प्रोबलम नहीं है कि कई यो जो सारो प्रोसेस वेट प्रोसेस है, पाणी रो उपयोग है। सो ग्राइन्डिंग जो वेगा, पाणी रे लारे ग्राईन्डिंग वे ई री। तो डस्ट कई उड़ेगा नी। सो प्लान्ट रे माईने कई भी डस्ट री समस्या नहीं है डस्ट री समस्या क्रेशिंग जब करें तब थोड़ा–खाण डस्ट आएगा तो इन लोगों ने बताया कि पूरा पॉल्युशन कन्ट्रोल का वहां पर वाटर स्प्रे और सिस्टम है। बेनिफिसियल प्लान्ट रे लारे कई भी डस्ट री समस्या नीं है। टोटल प्रोसेस पानी रे साथ में ग्राईन्डिंग वेगा पचे फ्लोटेशन है पचे रो पाणी निकालणों सिस्टम थिकनर है और थिकनर रे लारे बाद में पानी निचोड के माल अलग किदी पाणी अलग किदों और पाणी वापस री साईकिल वीन प्लान्ट मे पाछो यूज हो जाएगा। तो लोकल कई भी पानी रो दोहन नहीं है। पानी री

जिला कलक्टर
(एवं) उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

व्यवस्था केवल मेकअप वाटर जतरा पाणी हवा में उड़ जाए, वाईबरेशन हो गया धूप में उड़ गया पचे थोडाखाण पानी डेली बेसिस पर अणी में जाएगा। और बाकी रोजगार ओर ये 100 परसेन्ट रोजगार की प्राथमिका लोकल मामादेव के आपका और हमारा सामूहिक प्रयास है इस परियोजना को आगे बढाना है जैसा कि हमारे सलाहकार ने भी आपको बताया है।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :-**

"सर यह एक निवेदन यह भी था कि जैसे कि हमारे जो झामेश्वर जी को लेकर जितने भी स्थान है आप हर जगह प्रोग्राम कर ही रहे हो सर हर जगह तो यहां पर भी क्यो रोडलाईट लगानी यहां से लगाकर मामादेव तक ताकि क्या आणे-जाणे में थोड़ा सुविधा रहे अपने यहां लोगों के लिए।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :-**

थोड़ा काम गांव में अणा बादुज चालू कर रहे है। मू पहले भी बोल्यु हूँ कि आपणे जो गर्मी आई री है। ठीक हे एनिकट बनवाई ल्यु, पाणी भरवा दूंगा। मवेशी पशु के लिए जो भी पानी की व्यवस्था हो जाएगी। रोड़ रा जतरा भी रिपेयर है मा करीरिया हा और पचे भी गांव रा जतरा भी देवरा जई भी वो आपणे लारे वेईगा सब करेंगा। आपणे कई बाने नी हा आपणे तो साथ में बेठने काम करनो है।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :-**

गांव वालों से यह निवेदन करता चाहता हूँ कि आज जो भी किसी के भी मन में कुछ भी हो तो आज कलक्टर साहब और सारे यहां पर है तो आप बोल सकते हो। कल यह वापस नहीं बोलों कि सरपंच साहब क्या हुआ, क्या नहीं हुआ। अभी जो भी बोलना है मन में जितना भी कुछ है जो आज बोल सकते हो, बाद में भी बोल सकते हो लेकिन अभी बोलने का मौका है कल यह नहीं बोला सरपंच साहब कि यह क्या हो गया है कलक्टर साहब और सब है और आज जितना भी आपणे मन में शंका है लिखित में देना चाहो तो लिखित में दे सकते हो कि साहब यह समस्या हो गयी।

यह एग्रीमेंट सर अपनी पंचायत के वो वहां पर होगा। ग्राम सभा में लिखित में जाएगा। गांव को गोद लेने की बात कर रहे है। सर।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :-**

मारी तो अतरी औकाद नहीं कि गांव ने गोद लेई सकू। यह तो सरकार री प्रक्रिया है। मा तो यूं का कि आप लोग माने गोद लेई लो । मां कई गांव गोद लेई सका। मा तो अटे आया थका हा, आप गोद लेईलो मारे । मू तो अटेई हूँ।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :-**

कि गोद लेने का मतलब यह है कि कोई छोटी मोटी समस्या है उसके बारे में है।

जिला कलेक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

सब करीरिया हां सब करेंगे और कर ही रहे है। आपके साथ ही है सब करेंगे जितनी भी छोटी–मोटी अपने से और जैसा कि मेन दिक्कत कि जो एक कोई भी परियोजना आती है एक व्यापार है वह अलग बात है लेकिन लेकिन समाज का विकास होना भी आवश्यक है। तो जो नई जनरेशन है। नए बच्चे जो पढ़ रहे है उनको पढ़ाई के साथ में उनका जो स्किल डवलपमेंट है जिससे आगे चलकर वो समाज में प्रोपर रोजगार पा सके । उन पर सब कम्पनी का फोकस है आलरेडी इसके लिए ट्रेनिंग सेन्टर की स्थापना की जाएगी। क्वालिफाईड जो ट्रेनर है उनकी नियुक्ति करेंगे जिससे उनको डिफरेन्ट ट्रेड में उनका डवलपमेंट नई जनरेशन का किया जा सके।

**श्री भेरूलाल मीणा, सरपंच पति, झामर कोटड़ा :–**

जनता से पूछा कि आप सबरे मन में कई वात वे तो केई सकेरा हो। ठीक है साहब।

**शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

ओर भी कोई बोलना चाहे आ सकते है।

**श्री बंशीलाल मीणा, गांव डामरो का गुड़ाः–**

मामा देव को पूछ रहे हो डामरों का गुड़ा को कौन पूछ रहा है। आप बार–बार बोल रहे हो मामादेव मामादेव । डामरो का गुड़ा वाले को कौन पूछ रहा है। और जो वो स्कूल बन रहे है।

**श्री शंकरलाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य। पूर्व सरपंच चांसदा :–**

झामेश्वर महादेव की कृपा से ही आप ओर हम सब यहां बैठे है। आदरणीय कलक्टर साहब आदरणी थ्रीएस कम्पनी के डायरेक्टर महोदय सिंह साहब। हम सब सिंग साहब को मानते है। क्योंकि उसका कारण है, कारण के उपर जाउंगा क्योंकि आज जितने भी आप और हम सब बैठे है, सिंह साहब की कहानी सुन रखी है पूरी। आपने यहां से शुरूआत की थी और अभी भी जो बात है जितने भी लोगो को रोजगार मिलेगा जो माईन्स का जितना भी परिवर्तन हुआ है सिर्फ आपके दिमाग की वजह से हुआ है। आपने पुरा प्लान कम्पलीट किया। कैसे करना, क्या करना। मैं आपको मेरी तरफ से कोटि कोटि धन्यवाद दूंगा। क्योंकि यह माईन्स बिल्कुल दबी हुई थी। आपकी वजह से इस ग्रोथ पर आई। अब रही दूसरी बात । बात बहुत लम्बी चौड़ी है। मेरे पूर्व वक्ताओं ने बहुत सारी बातें कह दी। सब कुछ कह दिया लेकिन उन बातों में मैं कुछ बाते कहना चाहूँगाकि आप प्लान बना रहे हो। सब कुछ कर रहे हो। बहुत अच्छी बात है क्योंकि यहां के कमजोर इलाके में जब प्लान्ट बना तो लोगों को रोजगार मिलेगा इसी रोजगार के साथ साथ मैं डायरेक्टर महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि जो आपके सामने बैठे हुए जो गरीब जनता है आपने पहले भी स्किल्ड अनस्किल्ड सारी बात कही थी कि यहां पढ़े–लिखे लोग नहीं है। लेकिन आप स्किल्ड की अनस्किल्ड की जैसे भी तैयारी करों लेकिन उसके साथ–साथ मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि यहां शिक्षा के उपर सबसे पहला महत्वपूर्ण रूप से जोर दिया जाए।

जिला कलक्टर उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

क्योंकि शिक्षा एक ऐसी चीज है वो यही काम नहीं करेगा कहीं हिन्दुस्तान में कहीं पर जाकर काम कर सकता है। लेकिन आपको शिक्षा के उपर।

रही दूसरी बात जितने भी लोग यहां काम करेंगे। काम करने के बाद में प्लान्ट से उत्र्सन निकलेगा और जो भी स्थिति होगी में जो लेकिन लोगों के पास में आज सबसे बड़ी सम्पत्ति क्या है । इनकी खुद की जमीनें । इससे बढकर उनका कोई धन नहीं, कोई साधन नहीं, कुछ नहीं। मैं आपसे निवेदन कर रहा हू कि यहां एक मॉडल के रुप में एक इस तरह से कृषि के रुप में ऐरिया इस तरह से तैयार होकर आए साहब से विशेष रुप से सिंग साहब से निवेदन करना चाहूंगा कि यहां से जो अपशिष्ट निकला कोई बात नहीं लेकिन जिन लोगों के पास रोजगार है, जिनके पास रोजगार नहीं है जिनके पास कृषि की जमीने पड़ी हुई है। उस जमीन को इस तरह से डवलप किया जाए ताकि कम से कम उस जमीन से पैदावार से उन लोगों को रोजगार मिल सके और यहां की जो शिक्षा प्राप्त करके जिसमें वह खुब लडके आगे जाके अच्छी जगह नोकरी करें, बढिया जगह आगे जाए। और अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि आप और हम सबको मिल करके। कारखाना है। ताली हवा में नही बजती है तो दोनों हाथों से बजती है। कारखाना गांव का ही मान लो या कम्पनी का मान लो लेकिन अपन गांव वाले सहयोग करेंगे दोनों मिलकर सहयोग करेंगे तो कारखाना बढ़िया चलेगा। तो रोजगार बढिया चलेगा। कारखाना बढ़िया चलेगा तो सब को रोजगार बढ़िया मिलेगा। और आपका सहयोग भी बराबर मिलता रहेगा। इसलिए मैं तो सभी से गांव वालों से भी यह कहना चाहुंगा कि आप इनकी कोई भी समस्या है तो साहब के साथ बैठकर बात करें। पूर्व में भी साहब ने सबने मिलकर बात की थी अब आगे रोजगार की जहां बात आती है। उस बात के लिये पूरे गांव में अगर पूर्व में बात की थी बैठकरके पूरी लिस्ट बना दे, शिक्षित कौन है, अशिक्षित कोन है। सबसे गरीब कौन है । सबसे पहले जो गरीब से गरीब व्यक्ति है। किसी घर में चार लगे, किसी में दो लगे, किसी में एक लगा, किसी में कोई लगा ही नहीं व्यक्ति उसका हम सबसे पहले ध्यान दे। और जिसके दो लगे, तीन लगे, चार लगे उसमें कोई बात नहीं। उसी तरह से यह जिम्मेदारी पूरे गांव वालों की और पंचायत मिलकर बैठकर तैयार करें – पढ़े कितने, अनपढ़ कितने, बाकी कितने। इस हिसाब से इस तरह से करोगे । क्योंकि अगर आप इस तरह से नहीं करोगे तो समस्या खड़ी होगी । समस्या खड़ी होगी कि उसके घर का लग गया, मेरे घर का लग गया। एक ऐसा व्यवस्थित प्रोग्राम फोरमुला आपको तैयारी करनी पड़ेगी तब जाकर ऐसी बात नहीं होगी। इसलिए मैं यही बात कह मैं कलक्टर साहब का पुनः धन्यवाद और थ्रीएस कम्पनी के सभी अधिकारियों को ध्यान्यवाद। गांव के लोगों को धन्यवाद, जय हिन्द। जय भारत । धन्यवाद।

**श्री शंकर पिता वाला जी निवासी मामादेव गांव :–**

कलक्टर साहब से यह निवेदन कर रहा हूँ मैं सर मेरी इस कम्पनी थ्रीएस में जमीन गयी है कब्जे की। थ्रीएस कम्पनी ने मुझे 60,000/– रुपये बीगे से कब्जे में तय किया। सब लोगों को चुकारा करती हुई आई। जो चुकारा करने वाला अफसर है जो हमसे आकर टकरा रहा है। अभी तक हमारा फैसला नहीं

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

किया है। जो जमीन की इसने नपती निकाली मैंने इसको प्रेम से पूछा कि भाई कितना हुआ। मैरे को कुछ जवाब ही नहीं दिया और वो नपती निकाल कर चला गया। फिर भी मैं इनसे झगड़ना नहीं चाहता हूँ। लड़ना नहीं चाहता हूँ। मैं यही चाहता हूँ कि आपसी बैठकर समझहाते है। पर जो भी है हम आपसीं समझने के लिए तैयार है। मगर बात करने के लिए भी तैयार नहीं। और इस उलझन में हमारे को डाल रखा है। हमारे पास सिर्फ दो बच्चे हैं। मेरी बीवी मर गयी एक बच्चा फासी खाकर मर गया और मैं एक अकेला आदमी हूँ और मेरे पास थोड़ी बहुत बकरिया है उसके पीछे में गुजर लड रहा हूँ। जमीन से मैं कमा के खा रहा हूँ वह आजीवन थी जो इसने ले ली। नौकरी दे रहे है हमको 20 साल देंगे कोई गलती करूंगा। बाहर निकाल देंगे। मेरी जमीन मेरे को बाहर नहीं निकालेगी। आजीवन मेरा परिवार पालेगी।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

जो भी इनकी शिकायत है इसका निवारण हम लोग इनको बुलाकर बैठकर मन्शा यही है कि सारे लोगों का बैठकर सहमति से निस्तारण किया । इनका भी निस्तारण करने का मैं आपको पक्का कन्फरमेशन देता हूँ। हमारे जो साथी अधिकारी है बैठकर कर देंगे। किसी को भी हमारे तरफ से कोई कष्ट पहुंचे ऐसी मन्शा हमारी बिल्कुल नहीं है।

**श्री जगुराम मीणा, पूर्व सरपंच, लकड़वास। गांव समिता :–**

आज मामादेव के गांव में हमारे जिला कलेक्टर साहब एवं श्री एक्स कम्पनी के ऑनर सिंग साहब, मयूर साहब और हमारे मामादेव गांव के समस्त पंच एवं आस–पास के उप सरपंच साहब पूर्व सरपंच एवं यहां स्थानीय सरपंच साहब। समाज आज हमारे मामादेव हमारे समाज है पूरी। मैं पाड़ौसी सरपंच होने के नाते बोल रहा हूँ कियहां भी सर रोजगार का जो अवसर आया सर ने पहले बताया था कि मामादेव में एक रोजगार एक बड़े रोजगार का कारखाना प्लान्ट खुलने वाला है। पहले मामादेव में सबसे ज्यादा बेरोजगार तो मामादेव में ही है सर। क्योंकि झामर कोटड़ा समेता धामेला खनन कार्य के पास में सारे आदमी रोजगार कर रहे है। मामादेव के ऐसे आदमी है बिचारे रोज आते है धक्का खाते है वहां पर, अभी तक रोजगार नहीं मिला है। बहुत सारे मामादेव के जो भी है वरकर वो आते है उनको रोजगार नहीं मिल है। ठीक है कोई बात नहीं आपका रोजगार का अवसर आ गया और 200 आदमी लेने के लिए सर बोल रहे हैं। 200 क्या 200–300 आदमी लेंगे और सबको रोजगार मिलेगा और सर ने बोला कि जिनका ट्रेनिंग नहीं हुआ है। जो ऑपरेटर है, हेल्पर है उनको ट्रेनिंग देकर आपके यहां से पहले लेंगे। रही बात एक बार हमारे कनजी ने बोला कि हमारे खातेदारी में मलबा जा रहा है। तो सर मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि जो जमीन इनकी गयी है प्लान्ट में वो तो कोई बात नहीं। बाहर जो बची है जो जमीन, कलक्टर साहब से निवेदन करता हूँ कि सर जो बाद बची है उस जमीन पर छोटे–छोटे कोई ऐनिकट टाईप बना दो ताकि वो मिट्टीउनके खेतों में नहीं जाए। छोटे छोटे ऐनिकट बन जाए तो इनको भी रोजगार मिलेगा उनके खेतों में मलबा नहीं जाएगा। ये भी एक रोजगार का मामला है। सर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

ने पहले बोला अभी सिंग साहब ने बोला कि भाईऐनिकट बनाना, ये बनाना, वो बनाना सब बनाएंगे ये। यह बात तो हम भी बोल रहे है कि आपकी यह बात है। लास्ट बात यह है कि सर आपके यहां मै कम्पनी के ओनर को ओर कलक्टर साहब को धन्यवाद देता हूँ कि एक रोजगार का अवसर होता है यह रोजगार अपन लोगों को मिलना चाहिए इस रोजगार को रोको मत इस रोजगार को चलने दो। ताकि अपने बच्चे भी ठीक रहेगे। अपन गांव वाले भी ठीक रहेंगे। सर बोल रहे है कि पूरा का पूरा गांव गोद क्या ले पूरा का पूरा विकास कराओं ना आपके पास प्लान्ट है। पूरा का पूरा सामान लेकर के, पूरा झामर कोटड़ा, पूरा खनन कार्य में जितने भी आते थे तो काम कर रहे है सीएसआर से जितना जैसा मिल रहा है उधर मगर यह थ्री एक्स करेगी। मामादेव का काम थ्रीएक्स देख रही है और वो करेगी। और लिखित में हो रहा सारा समझोता। ठीक है। मैं इसी के साथ धन्यवाद आप सभी को । जो भी बात की है उसके लिए कलक्टर साहब को धन्यवाद।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

ओर जो कोई बात कहना चाहे आ सकते है।

**श्री नानालाल मीणा, ग्राम–मामादेव :–**

कलक्टर साहब नमस्कार। हार्दिक शुभकामना मामादेव में आने के लिए। एक तो टाईम निकालने के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद यहां आने के लिए। सबसे पहले मैं यही कहना चाहूंगा कि जो कम्पनी के द्वारा जो भी एग्रीमेंट ये बता रहे है वो एग्रीमेंट वापिस हमारे गांव वालो के पास भी एक कॉपी रहनी चाहिए। क्या पता यहां कल दूसरा यहां रोड पर पाणी छिटकाउ या नहीं छिटकाउ। तो उसके लिए एक एग्रीमेंट हमारे गांव वालों के पास में चाहिए। यह तो है उसके बाद में कम्पनी के ऑनर के साईन है, कलक्टर साहब के जो भी साईन है वह एग्रीमेंट हमारे गांव वालों के पास में क्लीयर चाहिए। क्या पता आप कल बोल दो कि हमने तो आपको वहा बोला था उसके बाद भी इसका हमारे पास में है ही नहीं आपके पास लिखित में। तो हम लोग क्या बोलेंगे इस बारे में।

**श्री उमेश, पर्यावरण सलाहकार :–**

जो यह पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलेगा ना। यह सरकार की वेबसाईट पर ताजीवन रहेगा और जैसे ही यह पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र हमें मिलता है इसके लिए वापस इसका विज्ञापन दो पेपर में हम छपवाएंगे कि पर्यावरणीय स्वीकृति सरकार के इस पत्र क्रमांक इतने–इतने के द्वारा हमें दी गयी है दो पेपरों में छपेगा और इसकी प्रमाणित प्रति संबंधित प्रदूषण विभाग की वेबसाईट पर, भारत सरकार की वेबसाईट पर, और सम्बन्धित अन्य जो भी प्राधिकरण है उनकी वेबसाईट पर ये हमेशा आप लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**श्री नानालाल मीणा, मामादेवः–**

उपलब्ध तो रहेगी लेकिन हमारे गांव में क्या बहुत से ऐसे लोग है शिक्षित कोई नहीं है। तो वेबसाईट में क्या लिखित में होगा तो हम कभी भी बता सकते है कि हमारे पास लिखित में है।

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

वो जब मिलेगी तब उसकी एक कॉपी हमेशा प्लान्ट में रहेगी। जिसको भी चाहिए प्लान्ट से ले सकता है।

**श्री नानालाल मीणा ग्राम–मामादेव :–**

प्लान्ट में यह लफड़ा होगा कि आज उस अधिकारी के पास में था वो बोलेगा मेरे पास में नहीं पड़ी है। उस अधिकारी के पास में जाओं। गांव वाले साथ में भेद भाव नहीं होना चाहिए। कम्पनी प्रतिनिधि ने आश्वस्त किया कि ऐसा नहीं होगा।

रोजगार के लिए भी भेदभाव होता है जैसा कि बोलते है कि सिंग साहब के पास चले जाओ। सिंग साहब बोलते है कि उस अधिकारी के पास चले जाओ। फिर बोलते है कि बहुत सारे अधिकारी बोलते है कि यहां तीन किलोमीटर हमारी आरसी में आती है। तो मामादेव भी तो आपके पास में आता है तो फिर जो आरएसएमएम ने जमीन आवंटन के लिए 40 साल से बेण्ड लगा रखा है जो भी है । हम भी तो मामादेव के पास में आते है आरएसएमएम के पास में आते है अब यही होता है जब मामादेव वाले जाते है खाते की नकल लेकर तो कम्पनी वाले यही बोलते है कि खाते की नकल लेकर आओ। खाता की नकल लेकर वहां पहुंचते है तो वो बोलते है कि आप माईन्स के तीन किलोमीटर के ऐरिया में नहीं आते हो। तो यह कौनसा कानून और कायदा है आरएसएमएम के पास में। जो भी एग्रीमेंट आप कलक्टर साहब करोगे वो एग्रीमेंट की कॉपी हमारे गांव वालों के पास में भी एक कॉपी होनी चाहिए। कभी भी पानी छिटकाव है जो भी आप प्रोजेक्ट कर रहे हो तो उस प्रोजेक्ट की एक ट्रु कॉपी हमारे पास रहनी चाहिए । आने वाली पीढी के लिए वो बोल सकते है कि हमारे बाप दादाओं ने क्या किया। कम से कम कॉपी तो रखी है उसको लेकर हम कहीं खड़े हो सकते है।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

मैं आपको जो भी एनवायरमेंट क्लीयरेंस की जो भी कण्डीशन्स आएगी, चलो वेबसाईट पर आप नहीं देख सकते हो, कम्पनी से नहीं ले सकते हो जो आपका चुना हुआ प्रतिनिधि वार्ड पंच, सरपंच है उनके पास इनकी कॉपी प्रतिलिपि उसी समय मुहैया करवा देंगे। कभी गुम हो गयी तो उसकी कॉपी दिला देंगे। हर चुने हुए प्रतिनिधि सरपंच, वार्डपंच जो भी आपके प्रतिनिधि है जनता के उनके पास इसकी कॉपी उपलब्ध करा देंगे।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

बेसिकली स्कूल है ना इसके अन्दर उपलब्ध करा दोगे। कोई स्कूल में आकर देख सकता है।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

कहा बिल्कुल सर।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :-**

कि स्कूल में चस्पा करवा दो।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :-**

कि स्कूल में चस्पा भी करवा देंगे एक कॉपी स्कूल में और एक कॉपी ग्राम पंचायत को भी दे देंगे।

**श्री नानालाल मीणा ग्राम-मामादेव :- :-**

धन्यवाद सर।

**श्री नानालाल मीणा, ग्राम-मामादेव :-**

जो भी आप एग्रीमेंट कर रहे हो पानी का छिडकाव का जो प्रोजेक्ट का कर रहे हो की एक कापी हमें दे वे।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :-**

दिलवा देंगे।

**श्री नानालाल मीणा, ग्राम-मामादेव :-**

होना चाहिए 100 प्रतिशत होनाचाहिए। अभी बोल रहे हो बाद में नहीं हो तो। कम्पनी प्रतिनिधि ने बताया कि सरकार लिख कर देगी, एक एक चीज लिख कर देगी।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :-**

मैं आपको एक जानकारी ओर देना चाहता हूँ आप लोग यहां जो भी यहां बोल रहे है वो भी आप सूचना के अधिकार में हमारे ऑफिस से ले सकते है। वो भी उपलब्ध रहेगा कि आपमें से कौन कौन क्या-क्या बोले। आ सकते है जो भी आना चाहे।

**मैं कमलेश कुमार जैन निवासी जगत :-**

आदरणीय सम्मानित मंच मामादेव की भोली भाली जनता की ओर से सम्मातिन मंच को नमस्कार प्रेषित करता हूँ पिछले 35 साल से लगभग इस गांव से जुड़ा हुआ हूँ वाक्ये भोली भाली जनता है साहब, समझती है, न ही भी समझती है, लिखित और अलिखित तो ठीक बात है । आप बता जाएंगे उसके बाद शायद ये एक दूसरे से पूछेंगे क्या कहा, क्या हुआ, क्या नहीं हुआ है शायद पता चले या नहीं चले। भोली-भाली जनता है। सम्मानित मंच से निवेदन है विशेष ध्यान देवे और इन्हें जो भी योजना आप संचालित करेंगे उस योजना में इनका सहभागी जरुर देवे। धन्यवाद।

जिला कलेक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

16.

**श्री रामलाल मीणा ग्राम–मामादेवः–**

मैं यही कहना चाहूंगा कि पहले जो बात हो गयी ओर जिन्होंने यह योजना बताई बहुत अच्छी योजना है। गांव के लिए बहुत फायदा भी है पर मेन बात यही रहेगी कि लिखित में मामादेव के पास होनी चाहिए गांव वालों के पास में। क्योंकि पहले झामरकोटडा प्लान्ट लगा था उसमें यही एग्रीमेंट हुआ था मेरा जन्म नहीं हुआ था सुनने में आता है कि गांव के 10 किलोमीटर के ऐरिये वाले को नौकरी पर लिया जाएगा वो एग्रीमेंट किसी ने दबा दिया वो अभी तक नहीं निकाल पाए लोग–बाग। सारे नेता घूम रहे उनके पीछे लेकिन अभी तक नहीं निकाल पाए। इसलिए क्या है कि एग्रीमेंट गांव के पास होना जरुरी है जो कम्पनी है उसकी लेटरपेड के उपर होना जरुरी चाहिए गांव वालों के पास। क्योंकि कम्पनी के पास में अफसर आते रहते है जाते रहते है कोई अफसर फिर पूछेंगे वो अफसर ट्रांसफर होकर चला गया यहां से तो किसके पूछेंगे तो हमारे गांव वालों के पास में लिखित में होना जरूरी है। धन्यवाद।

**श्री कन्हैयालाल, ग्राम–मामादेवः–**

मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूँ कि आप माईन्स से पधारे हुए है। जो माईन्स के पास मंदिर है झामेश्वर महोदव जी का जो माईन्स जानती है उसके पास में एक मंदिर ओर है वड़वाणिया महादेव जी करके हे जहां हमारा तेल–पाणी चलाता था रात–दिन, कभी पानी कभी नहीं सूखता था। वहां बगीचे लगे हुए हैआज की तारीख में वहां पानी काग के बच्चों के लिए पीने का पानी नहीं है। जो बच्चे हैं उनके लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। जबकि माईन्स पानी ट्युबवेल से निकाल के वेस्टेज छोड़ रही हैनाले में वो पानी मंदिर के उपर छोड़े तो अच्छा रहेगा। मंदिर के वहां छोड़ दे तो बहुत ही अच्छा हो जाएगा ताकि कोई भी मंदिर जाए उनकोपीने के लिए पानी मिल जाएगा। कोई हारी–परसादी करे तो उसके लिए पानी मिल जाए। हमारे गांव वाले कब से उच्चत कर रहे है । माईन्स पर जाकर कह रहे है कि पानी उधर छोड़ो, पानी इधर छोड़ो कोई सुनता नहीं है सर हमारी यहां।ये झामेश्वर महादेव जी ऐसा स्थान यहां पर है थोड़ा बहुत मामादेव गांव उसी के पास मेंहै उसके लिए सर पानी चाहिए। दूसरी बात जो खातेदार जमीन है 20–25 लोगों की खातेदार है वो जमीन में मिट्टी आ रही है तो उनके लिए सर रोजगार भी नहीं मिला अभी तक और ना उनका कोई देख–रेख कर रहे है दो–दो, तीन–तीन बार हम कम्पनी के अन्दर जाकर के कह कर आए है कि हमारी देख–रेख करों हमारे मिट्टी आ रही है। वो बन्द करों या हमारे को रोजगार दो। रोजगार भी नहीं देना चाहते है और हमें नौकरी पर भी नहीं लेना चाहते है। यहां के बहुत सारे अभी कह रहे है कि किसी को लेणे की नहीं। अभी तो अपने साथ यह बात कर रहे है बाद में आगे चल के नेता के पास जाते है भड़का देते है अपनी बात रह जाती है अभी क्या कह रहे है कोई नेता के पास नहीं जाएगा कोई ऐसा नहीं करेगा फिर अभी तो यह बात हो जाएगी फिर बाद में चले जाऐगे। नेता को ले आओ दो आदमी लगा दे अपना। वो हो जाएगा। ऐसे करके गांव को पीछे डालने में बहुत सारे लोगों का । सर ऐसा कह रहे है कि उसने

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

फैसला किया था सर बता रहे है कि कम्पनी ने मुझे पैसे नहीं दिए। आज शंकर आया था उसने बताया था। सर की कमी नहीं है यहां के कार्यकर्ताओं है, वो क्या कर रहे है इनको देना है इनको हटाना है इनको केसे करना है। जब तक आपके उपर आ रहा था बाकी नहीं आता था। गांव के पांच आदमी मौतबीर साथ लेकर चले तो अच्छा रहता दो आदमियों की बात कम्पनी कभी नहीं मानेगी। कम्पनी को भी नहीं माननी चाहिए। जब पांच आदमी आएंगे तभी जाकर बात माननी चाहिए कि गांव की बात यह हो रही है। इसलिए आप कम्पनी के उपर अभी ओब्जेक्शन आया था अगर पांच आदमी इनके साथ होते थे तो कम्पनी के उपर यह दबाव नहीं पड़ता सर। ठीक सर धन्यवाद है।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

आप अपनी प्रोब्लम सरपंच साहब के माध्यम से दे सकते है कम्पनी को। ओर कुछ कहना चाहे आ सकते है।

**श्री रामलाल मीणा, निवासी मामादेव :–**

सर ने बोला कि सरपंच साहब के माध्यम से कह सकते है। सरपंच के माध्यम से कहने की जरुरत क्या है। सरपंच साहब को पता नहीं कि कम्पनी लग रही है मामादेव के अन्दर। गांव वालो को भी पता नहीं है कि आपके मामादेव के अन्दर कम्पनी स्थापित की जा रही है । पता ही नहीं लग रहा है जो बाहर के आकर के काम कर रहे है पहले गांव वालो को पूछा तक नही। न तो गांव वालो को नोटिस दिया कि आपके यहां प्लान्ट लगा रहा हूँ क नहीं लगा रहा हूँ। पहले सूचना होवे तब सरपंच साहब को भी सूचना नहीं है तो वो कहा से बोलेंगे। उनको आगे से मिली, आगे से मिली लेकिन उनको तो बताना चाहिए गांव वालो को इकट्ठा करके कि हम आपके यहां पर प्लान्ट लगा रहा है या इतनी बड़ी योजना लगा रहे है तो काम चालू होने के बाद 5 महीने के बाद बोला पहले बोलना चाहिए, शुरुआत की उस टाईम क्यों नहीं बोला। यह सूचना भी सही नहीं मिली हमारे को।

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

हमने इसके लिये पूरा व्यापक प्रचार–प्रसार कराया हमने इसके लिये। मैंने फोटोग्राफ भी दिये है विथ कोर्डिनेट्स है। अलग–अलग जगह पर हमारी गाड़ी खड़ी है विथ बेनर और माईक के साथ में और कोर्डिनेट्स के साथ में हमारे सारे फोटोज है।

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

कौन–कौन से गांव में है

**श्री अनिल प्रकाश सिंह कम्पनी प्रतिनिधि :–**

झामरकोटडा, मामादेव, झामरा का गुड़ा। हमने चार–पांच गांव में किया हुआ है सारा। दोनों पेपरों में एड हमने तय नियम से छपवा दिये थे और मेक्सीमम लोगों को पता है इस जनसुनवाई के बारे में।

जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री शरद सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

ओर भी कोई आना चाहे आ सकते है कहना चाहे कह सकते है । माननीय जिला कलेक्टर सर से निवेदन करता हूँ दो शब्द कहें।

**श्रीमान् अरविन्द पोसवाल, जिला कलक्टर, उदयपुर :–**

